PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Nai Dunia, New Delhi
Tuesday 12th November 2013, Page: 9
Width: 12.28 cms, Height: 20.19 cms, a4, Ref: pmin.2013-11-12.36.86

जीवन रक्षक दवाएं सस्ती

कैंसर की दवा समेत 63 दवाओं के दाम 70 प्रतिशत तक घटे



- कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाले पैसिलटैक्सल इंजेक्शन का दाम 900 रुपए से घटाकर 320 रुपए कर दिया गया है
- रैबीज के इंजेक्शन की कीमत करीब 7,000 रुपए से कम करके महज 2,500 रुपए की गई है
- गले के इन्फेक्शन में काम आने वाली दवा एजिवॉक व एजिथ्रॉल टैबलेट अब 40 फीसद सस्ती मिलेंगी
- फॉलिक एसिड की 30 गोलियों के पत्ते के लिए 80 रुपए की बजाय केवल 36 रुपए देने होंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। कैंसर के इलाज में काम आने वाली दवा समेत 63 दूसरी जीवनरक्षक दवाएं 60-70 प्रतिशत तक सस्ती होंगी। 'नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी' ने ऐसी दवाओं की कीमतों में कटौती की है।

कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाले पैसिलटैक्सल इंजेक्शन का दाम 900 रुपए से घटाकर 320 रुपए कर दिया गया है। इसी तरह रेबीज के इंजेक्शन की कीमत करीब 7,000 रुपए से कम करके 2,500 रुपए की गई है। बाकी दूसरी दवाइयों की कीमतों में भी काफी कटौती की गई है। फॉलिक एसिड टैबलेट के दाम 50 फीसद घटाए गए हैं। 30 गोलियों के पत्ते के लिए 80 रुपए की बजाय अब केवल 36 रुपए देने होंगे। गले के इनफेक्शन में काम आने वाली दवा एजिवॉक और एजिथ्रॉल की टैबलेट भी अब 40 फीसद सस्ती मिलेंगी। प्राइसिंग अथॉरिटी की तरफ से निर्धारित तमाम नई कीमतें 1 दिसंबर से लागू होंगी।

DPCO

G 64